सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–2

राजभवन देहरादून 18 दिसम्बर, 2024

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से आज राजभवन में लेखक श्री बीपीएस वालिया ने मुलाकात कर अपनी पुस्तक ''गुरुद्वारा ऑफ अफ्रीका'' भेंट की। यह पुस्तक 12 अफ्रीकी देशों में स्थित 57 गुरुद्वारों पर आधारित है, जिसमें गुरुद्वारों का ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विवरण तथा उनके दुर्लभ फोटोग्राफ्स शामिल हैं। श्री वालिया ने बताया कि इस अनमोल संग्रह को तैयार करने के लिए उन्होंने 10 वर्षों तक गहन शोध और यात्रा की। उन्होंने यह भी बताया कि वर्तमान में वे ''गुरुद्वारा इन वर्ल्ड'' परियोजना पर कार्य कर रहे हैं, जिसमें पूरे विश्व के गुरुद्वारों की जानकारी और उनके चित्र सम्मिलित होंगे।

राज्यपाल ने इस अद्वितीय कार्य के लिए श्री वालिया को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, ''गुरुद्वारा ऑफ अफ्रीका'' एक दिव्य और प्रेरणादायक संग्रह है, जो गुरुद्वारों की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्ता को उत्कृष्ट रूप से प्रदर्शित करता है। राज्यपाल ने कहा कि यह पुस्तक न केवल सिख समुदाय के लिए, बल्कि पूरे विश्व के लिए एक महत्वपूर्ण धरोहर है जो गुरुद्वारों की महत्ता और गुरुओं की शिक्षाओं को प्रचारित करने में सहायक होगी। उन्होंने कहा यह पुस्तक गुरुद्वारों की इस भूमिका को विश्व स्तर पर प्रदर्शित करने का एक उत्कृष्ट प्रयास है।

............0............